# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांक 17.04.2024** **समय 18.30**

- **राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार थमा– 12 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा।**
- **प्रदेश में दूसरे चरण के 13 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के लिये आज से सतरंगी सप्ताह शुरू।**
- **प्रदेश में रामनवमी का पर्व परम्परागत श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है।**
- **राज्य में आज भी कुछ जिलों में आंशिक बादल छाये रहे–आगामी दो दिनों में जयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर संभागों में पारा तीन डिग्री चढ़ने के आसार।**

000

राज्य की 12 सीटों पर पहले चरण के तहत होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए आज शाम चुनाव प्रचार थम गया है। पहले चरण **के तहत** गंगानगर, बीकानेर, चुरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, भरतपुर, करौली–धौलपुर, दौसा और नागौर सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। प्रचार के अंतिम दिन आज भाजपा और कांग्रेस के सभी दिग्गज नेताओं ने अपने–अपने दलों के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा** ने आज खैरथल में भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज धौलपुर के बाड़ी में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड़ शो किया। भाजपा की सह प्रभारी विजया राहटकर ने बांसवाड़ा में पार्टी के विभिन्न चुनावी कार्यक्रमों में भाग लिया। उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने दूदू में पार्टी के लिए जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग लिया। पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया ने जालौर–सिरोही जबकि राजेंद्र राठौड़ ने चुरू में प्रचार कार्यक्रमों में भाग लिया। सरकार के मंत्री और वरिष्ठ पदाधिकारी भी चुनाव प्रचार में जुटे रहे। दूसरी ओर, कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जैसलमेर और नागौर में जनसभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सीकर लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर गठबंधन प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने धौलपुर में चुनावी सभा की।

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 निर्वाचन क्षेत्रों में आज से मतदाता जागरूकता के लिए सतरंगी सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत हर दिन अलग–अलग थीम पर जागरूकता कार्यक्रम होंगे। सवाईमाधोपुर में बैंगनी रंग की थीम पर हम भी नाचेंगे गाएंगे वोट डालकर आएंगे स्लोगन के साथ आज से सतरंगी सप्ताह शुरू हुआ। इस दौरान आदिवासी विमुक्त और घुमंतू वर्ग के मतदाताओं को लोक कलाकारों ने नृत्य के माध्यम से मतदान का संदेश दिया । भीलवाड़ा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सुवाणा पंचायत समिति में वोट बारात निकाली गई। सतरंगी सप्ताह के तहत बूंदी जिले के रामनगर में नृत्य और गीतों के साथ वोट का संकल्प लिया गया और रंगोली सजाई गई। लाखेरी में परिचर्चा हुई। देवपुरा में चुनावी पाठशाला लगाकर श्याणी बुआ ने मतदान की शपथ दिलाई। सांचौर जिले में सतरंगी सप्ताह के पहले दिन ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता के लिये लोकनृत्य का आयोजन किया गया। झालावाडा जिले के झालरापाटन में द्वारकाधीश मन्दिर परिसर में बैंगनी कलर थीम और हम भी नाचेंगे गायेंगे, वोट डालकर आयेंगे नारे के साथ लोक नृत्य और बिन्दौरी नृत्य पेश कर मतदान का संदेश दिया गया। सवाईमाधोपुर जिले में खण्डार क्षेत्र के बालेर और विचपुरी गुजरान गांवों में केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से संगोष्ठी, चित्र प्रदर्शनी और प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। केकडी में दीपदान कर मतदान का संदेश दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने रंगोली बनाई।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। अब हम इस संदेश श्रृंखला में गांव–ढांणी या मौहल्ले में एक साथ 4–5 लोगों यानि समूह में गये संदेशों को भी शामिल करेंगे।

....................

प्रदेश में मतदाता जागरूकता के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी वोट डालने की अपील कर रहे हैं। बीकानेर की जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने आज डाक मत पत्र के जरिये अपना वोट डाला। इसके बाद उन्होंने सभी को मतदान का संदेश दिया।

......................

इसी तरह नवगठित नीम का थाना जिले के पुलिस अधीक्षक ने जिले के लोगों से बढ–चढ़ कर मतदान में हिस्सा लेने का आग्रह किया।

000

आकाशवाणी जयपुर की ओर से कल राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल के साथ विशेष बातचीत प्रसारित की जायेगी। एक घंटे का ये विशेष फोन इन कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 11 बजे तक 101. 02 एफएम आमेर चैनल और पूरे स्टेट हुक अप पर प्रसारित होगा। श्रोता जयपुर के कोड नम्बर 0141 के साथ फोन नम्बर 2200 600, 2200 700, 2200 800 और 2366477 पर डायल कर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक से लोकसभा चुनाव के दौरान तथा मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से किये जा रहे प्रबंधों के संबंध में सवाल पूछ सकते हैं।

000

लोकसभा चुनाव के लिए जयपुर निर्वाचन क्षेत्र और जयपुर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान दलों का अंतिम रेंडमाइजेशन हुआ। निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में आयोजित रेंडमाइजेशन में मतदान केन्द्रवार कार्यकारी मतदान दलों और आरक्षित मतदान दलों का निर्धारण किया गया। इस दौरान सामान्य पर्यवेक्षक कामिनी चौहान रतन, दिलराज सिंह और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित सहित संबंधित विभागों और प्रकोष्ठों के अधिकारी मौजूद रहे। झालावाड में आज अतिरिक्त ईवीएम और वीवीपेट मशीनों की पहले स्तर की जांच के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह राठौड़ और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पहला और दूसरा रेण्डमाइजेशन किया गया।

000

राज्य में लोकसभा सीटों के चुनावी विश्लेषण में आज आपको लिये चलते हैं झालावाड़ संसदीय क्षेत्र।
झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र से इस बार भाजपा के दुष्यंत सिंह लगातार पांचवी बार मैदान में हैं। उनकी मां और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे उनके समर्थन में कई सभाएं कर चुकी हैं

000

प्रदेश में रामनवमी का पर्व परम्परागत श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। राम मन्दिरों में भजन कीर्तन के कार्यक्रम हो रहे हैं और मन्दिरों में विशेष आकर्षक सजावट की गई है। झालावाड जिले के कनवाड़ी में रामकुंड बालाजी मन्दिर स्थित श्रीराम मन्दिर, झालावाड़ शहर के राड़ी के बालाजी मन्दिर और अकलेरा के पास प्रसिद्ध खामखेड़ा बालाजी धाम के नव निर्मित श्रीराम मन्दिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। इसी तरह चैत्र नवरात्रि महोत्सव के तहत सभी देवी मन्दिरों में भी माता के दरबार सजे हैं। सुबह से ही श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जिले की असनावर तहसील में मुकन्दरा पर्वत श्रंखला की पहाड़ियों में स्थित माता रातादेवी धाम, मिश्रोली की माता अन्नपूर्णा देवी और दुधाखेडी माता मन्दिरों में भारी भीड़ है। घरों में कन्या पूजन भी किया गया।

डूंगरपुर में आज भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय सहित कस्बों और गांवों में डीजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। उधर भरतपुर में रामनवमी पर्व पर राममय हो गया। भरतपुर शहर में श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। चूरू में राम मन्दिर में झांकिया सजाई गई। करौली में भी रामनवमी पर शोभायात्रा निकली।

अलवर में श्रीराम रथ यात्रा निकाली गई। जयपुर शहर में ठिकाना रामचन्द जी मन्दिर चांदपोल में सुबह से विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। साथ ही भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। जैसलमेर जिले के प्राचीन तीर्थ रामकुण्डा मन्दिर में रामनवमी पर्व की धूम मची रही। इस मौके पर मन्दिर में आकर्षक सजावट की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज चुरू जिले के सरदारशहर में **भव्य विशाल** रामनवमी शोभायात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भव्य झांकियों के दर्शन किए और केसरिया पहने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 साल बाद यह पहली रामनवमी आई है, जब रामलला अयोध्या में भव्य और दिव्य राममंदिर में विराजमान हैं।

000

राज्य में पिछले दिनों कई जिलों में हुई आंधी और हल्की बारिश के कारण अभी भी तापमान सामान्य के आसपास दर्ज किया जा रहा है। बीते 24 घंटों में उदयपुर, कोटा तथा अजमेर संभागों में तापमान सामान्य दर्ज किया गया है। आज भी कुछ जिलों में आंशिक बादल छाये रहे। मौसम केंद्र जयपुर ने आज बीकानेर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर में तेज हवाओं के साथ कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना जताई है। कल भी कई जिलों में तेज हवाएं चलने के आसार हैं। केंद्र ने कहा है कि आगामी दो दिनों में जयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर संभागों के तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस बढोतरी के आसार है। वहीं उदयपुर और अजमेर संभाग में सामान्य तापमान दर्ज होने के आसार हैं।

000